Title: Regarding need for procurement of paddy by the Food Corporation of India, Chhatisgarh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विाय की ओर दिलाना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ सरकार ने केन्द्र सरकार से धान खरीद के मामले में मांग की है। नई छत्तीसगढ़ सरकार बनी है और उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ में धान की उपज ज्यादा होती है। वहां धान की उपज पर 1100 करोड़ रुपए का खर्च आता है। इस कारण से छत्तीसगढ़ राज्य का विकास नहीं हो रहा है क्योंकि सरकार के 700 करोड़ रुपये धान खरीदी मे खर्च हो जाते हैं । सरकार को आर्थिक स्थिति से जूझना पड़ता है। वहां की सरकार ने 1100 करोड़ रुपये की मांग इस कारण से की है कि जिससे एफ.सी.आई. द्वारा धान की खरीदी की जा सके। एफ.सी.आई. द्वारा धान खरीदे जाने से प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, उसका पैसा बचेगा। प्रदेश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को लोगो का अच्छे ढंग से स्तर सुधरेगा, उनकी उन्नति होगी। मेरी सरकार से मांग है कि केन्द्र सरकार 1100 करोड़ रुपया छत्तीसगढ़ सरकार को धान खरीदी के लिये दे ताकि एफ.सी.आई. द्वारा धान खरीदी जा सके।â€¦ (व्यवधान)